# Nutrisoil Labs

## NURTURTING FARMERS

## INDIA'S 1st Private Soil Testing collection center chain



# Collection Center Franchisee Brochure

## Nutrisoil Labs

किसानो की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए शुरू किया गया एक प्रयास है जिसका उद्देश्य कृषि के क्षेत्र में काम कर रहे किसानो को मिट्टी जांच की सुविधा उनके नजदीकी ब्लॉक स्तर पर देना है। आज भारत की जनसंख्या का कुल 50 प्रतिशत हिस्सा कृषि के ऊपर निर्भर है जबकि देश की अर्थव्यवस्था में भारतीय कृषि का हिस्सा मात्रा 17 प्रतिशत ही है , इस वजह से एक असमानता का जन्म हुआ है जिसकी वजह से कृषि के क्षेत्र में कार्य करने के लिए युवाओ में रुझान की कमी आई है जबकि वास्तविकता ये है की कृषि ही एक मात्र ऐसा क्षेत्र है जो मानव जीवन के साथ इस तरह से जुड़ा है की जब तक पृथ्वी पर मानव जीवन है कृषि भी रहेगी। हमारा प्रयास है की हम जागरूक और कर्मठ युवाओ के साथ जुड़कर उनके माध्यम से किसानो के खेतो की मिट्टी की जांच की सुविधा उपलब्ध करवाने के साथ ही उन्हें उर्वरक के सही अनुपात के बारे में बेहतर समझा सके जिससे वो कम लागत में अपना उत्पादन बढ़ाने के साथ ही मिट्टी के स्वास्थ्य को भी संरक्षित रख सके।

हमारा ये प्रयास एक सही नियत के साथ शुरू किया गया है जिसका एक मात्र उद्देश्य युवाओ के साथ ही बेहतर तकनीक और विज्ञानं को कृषि से जोड़ना है।हमे विश्वास है की आप के सहयोग से हम अपने उद्देस्य में सफल अवश्य होंगे।



## मृदा जांच का महत्त्व

जैसा की हम सब जानते है की एक फसल के उत्पादन के लिए किसानो को अपने खेत में विभिन्न उर्वरक की जरूरत होती है लेकिन इन रासायनिक उर्वरको से कहीं न कहीं मिट्टी में किसी एक तत्त्व की अधिकता बढ़ जाती है और लगातार फसल लेने से और खेत को खाली न छोड़ने की वजह से खेतो में अनेको सूक्ष्म तत्वों की कमी हो जाती है जिससे फसल की पैदावार में कमी आती है। इन सूक्ष्म तत्वों की कमी के बारे में जानने के लिए किसान के पास कोई मार्ग नहीं होता जिसकी वजह से वो अपने खेत की इस समस्या को दूर नहीं कर पाता है , मिट्टी की जांच की प्रयोगशाला शुरू करने में आने वाले खर्च की वजह से जागरूक युवा जो इस बारे में कुछ करना चाहते हैं या व्यापार शुरू करना चाहते हैं वो भी अपनी लागत में आने वाले खर्च की वजह से इस कार्य को शुरू नहीं कर पाते हैं जबकि मिट्टी जांच एक अत्यंत आवश्यक चीज है , यहाँ तक की विदेशो में तो मिट्टी की जांच करना अनिवार्य है हर फसल के उत्पादन के समय जिससे खेत में हो रही कमी को दूर किया जा सके। जिस प्रकार इंसान के शरीर के रक्त की जांच करके शरीर में किस चीज की समस्या है मालूम चल जाता है उसी तरह से किसान अपने खेत की जांच के द्वारा ये पता कर सकता है की कौन सा तत्त्व उसके खेत की मिट्टी में इस समय कम है जिसकी पूर्ति करके वो अपने खेत में फसल का उत्पादन बढ़ा सकता है। हमने किसानो की इसी समस्या को सुलझाने के लिए अपनी साइल टेस्टिंग लैब की फ्रेंचाइजी शुरू करने का कदम उठाया है जिसके माध्यम से किसान अब अपने नजदीकी ब्लॉक में ही खेत की मिट्टी की जांच करवा सकते हैं और इस लैब को शुरू करके युवा भी घर पर ही रह कर एक आकर्षक रोजगार न्यूनतम निवेश में शुरू कर सकते हैं।



# न्यूट्री सॉइल लैब्स फ्रेंचाइजी सेंटर लेने की प्रक्रिया

- NUTRISOIL LABS SOIL TESTING LAB FRANCHISEE लेने के लिए आपको हमारी कंपनी की वेबसाइट www.rgpagronomics.com पर जाकर आवदेन करना होगा और सभी जानकारियां देनी होंगी तथा सम्बंधति कागज अपलोड करने होंगे। यद किोई आवदेक ऑनलाइन फॉर्म भरने में असमर्थ है तो वो कम्पनी के द्वारा दिए गए आवेदन फॉर्म प्रपत्र के साथ समस्त कागज (स्व प्रमाणति ) और सम्बन्धति जानकारयिों के साथ भर कर स्पीड पोस्ट भी कयिा जा सकता है।
- इस सेंटर को खोलने के बाद आपको किसान की मिट्टी की जांच स्वयं नहीं करनी है बल्कि उसके सैंपल को कंपनी द्वारा दिए गए पॉलीबाग में पैक 400 ग्राम वजन करके कम्पनी के मुख्य प्रयोगशाला केंद्र भेजना होगा।
- कम्पनी की प्रयोगशाला तक सैंपल आने के बाद 48 घंटे के भीतर मिटटी की जांच रिपोर्ट फ्रेंचाइजी सेंटर की आधिकारिक ईमेल कर दी जाएगी जिसमे रिपोर्ट के साथ ही खेत में कौन सा उर्वरक किस मात्रा में पड़ेगा इसकी जानकारी भी होगी।
- कोई भी फ्रेंचाइजी यदि पहले से ही उर्वरक का कार्य कर रहा है तो वो किसान को रिपोर्ट के आधार पर उर्वरक देकर अतिरिक्त लाभ कमा सकता है और यदि कोई आवदेक अब तक कोई कार्य नहीं कर रहा है तो वो भी रिपोर्ट के साथ ही चाहे सूक्ष्म उर्वरक आदि बिक्री करके अतिरिक्त लाभ अर्जन कर सकता है।कम्पनी द्वारा किसान द्वारा की जाने वाली फसलों के अनुरूप उर्वरक की जरूरत खेत के अनुसार रिपोर्ट में दी जाएगी
- NUTRISOIL LABS FRANCHISE खोलने के लिए आवदेक को कुल रु 15,000 (जीएसटी सहति) का नविेश करना होगा जसिमे कम्पनी की एक साल की फ्रेंचाइजी फीस , ट्रेनगि शुल्क , प्रचार सामग्री , कैनोपी , कलेक्शन पॉलीबाग , पंजीकरण फॉर्म तथा टी शर्ट का शुल्क शामलि है।
- 31 जनवरी तक आवेदन करने पर फ्रेंचाइजी सेंटर को कुल 30 कंप्लीट सॉइल प्रोफाइल टेस्ट निशुल्क दिए जायेंगे जिनकी वैधता 6 माह होगी।
- कंपनी द्वारा एक ब्लॉक में एक ही सेंटर खोला जायेगा और एक वर्ष का समय पूरा होने के बाद एग्रीमेंट को फिर से एक साल के लिए रिन्यू करने के लिए एक साल बाद फ्रेंचाइजी आवदेक को वार्षिक 6000 /- का भुगतान कम्पनी को करना होगा जिसको न करने की दशा में एग्रीमेंट रिन्यू नहीं किया जायेगा और कोई अन्य आवदेक उसी ब्लॉक में यदि इच्छुक हुआ तो उसे सेंटर दे दिया जायेगा।
- कम्पनी की फ्रेंचाइजी फीस का भुगतान और सभी कागजो को जमा करने के बाद कंपनी द्वारा सभी आवदेकों को सात दिवसीय ट्रेनिंग ऑनलाइन दी जाएगी जिससे उन्हें अपने व्यापार में सहयोग मिल सके। यदि कोई स्वयं इस प्रशिक्षण में शामिल होने में असमर्थ है तो वो ऑनलाइन अपने स्थान पर किसी और को भी उक्त कार्यक्रम में शामिल करवा सकता है।

- ट्रेनिंग के साथ ही सभी आवदेकों को उनकी किट दी जाएगी जिसमे आवश्यक प्रचार सामग्री और कैनोपी किट होगी जिसके बाद वो अपने क्षेत्र में जाकर काम शुरू कर सकते हैं।
- किसी भी स्थिति में फ्रेंचाइजी द्वारा काम बंद करने की स्थिति में किसी प्रकार का कोई भी शुल्क वापस नहीं होगा।
- किसी भी विवाद की स्थिति में कंपनी का निर्णय ही अंतिम होगा।
- सभी फ्रेंचाइजी आवदेकों को नियम और शर्तो संबंधी एक लिखित अग्रीमेंट साइन करना होगा और कम्पनी द्वारा भेजे गए डिस्प्ले बोर्ड की डिज़ाइन के अनुरूप ही दूकान अथवा व्यापारिक परिसर के बाहर बोर्ड अपने सेंटर के नाम के साथ लगा कर कम्पनी को ईमेल करना होगा जिसके बाद ही कम्पनी द्वारा सैंपल स्वीकार किये जायेंगे।
- कम्पनी द्वारा समय समय पर विज्ञापन के माध्यम से सभी फ्रेंचाइजी सेण्टर के नाम और उनका सम्पर्क सूत्र दिया जायेगा तथा संस और फ़ोन कॉल के माध्यम से भी किसानो को जागरूक करने के प्रयास कम्पनी द्वारा किये जायेंगे जिससे किसान अपने नजदीकी सेंटर तक जाकर सैंपल दे सके , हम फ्रेंचाइजी आवदेकों को सुझाव देते हैं की वो अपने विकास खडं में आयोजन किये जाने वाले किसान मेलो में कम्पनी द्वारा दिए गए कैनोपी को लगाकर किसानो को जागरूक करे जिससे किसानो में मिट्टी की जांच को लेकर जागरूकता पैदा की जा सके , कम्पनी का ये सुझाव भी है की ब्लॉक स्तर पर पहले से मौजूद खाद , बीज और कीटनाशक बिक्री करने वाले दुकानदारों से सम्पर्क करके उनसे भी सैंपल लिए जा सकते है जिससे सैंपल की मात्रा बढ़ जाएगी और सेंटर को अतिरिक्त लाभ हो सकेगा।



# जांच के प्रकार और शुल्क

कंपनी द्वारा मिट्टी की कुल दो तरह की जांच की जाती है

| Test Name | Parameters | Farmer Rate | Nutrisoil Fees | Dealer Margin | Margin per month on 50 Samples |
|---|---|---|---|---|---|
| मिनी साइल प्रोफाइल टेस्ट | कार्बन, नाइट्रोजन , फॉस्फोरस , पोटेशियम , पीएच , सल्फर | 499 | 199 | 300 | 15,000 |
| सम्पूर्ण साइल प्रोफाइल टेस्ट | आर्गेनिक कार्बन , नाइट्रोजन , फॉस्फोरस , पोटेशियम , पीएच , सल्फर , कॉपर , जिंक , बोरॉन, आयरन , मैंगनीज़ , इलेक्ट्रिकल कंडक्टिविटी , जिप्सम तथा लाइम | 899 | 349 | 550 | 27,500 |



Nutrisoil Labs

A Venture of RGP Agronomics

157 - A , Bahra Saudagar East , Circular Road -Hardoi -UP -241001

www.rgpagronomics.com

